## जमा या खर्चा

| | |
|---|---|
| 2 | दसवीं तक पढ़ाई पूरी की। शाबाश! बैंक से ₹500 लें। |
| 3 | दसवीं की परीक्षा में फेल। फीस के ₹200 बैंक को दें। |
| 5 | बारहवीं तक पढ़ाई पूरी की। इसलिए बैंक से ₹1000 ले लें। |
| 6 | बारहवीं की परीक्षा में फेल होने की वजह से बैंक को ₹300 दें। |
| 8 | कंप्यूटर/सिलाई/टाईपिंग का कोर्स पूरा किया। बैंक से ₹2000 लें। |
| 9 | अपना काम शुरू किया। बैंक से ₹2000 लें। |
| 12 | अपने काम में मुनाफा हुआ। बैंक से ₹1000 लें। |
| 14 | 18 वर्ष की (लड़की)/21 वर्ष (लड़का) होने के बाद शादी हुई। बैंक से ₹5000 लें। |
| 16 | 18 वर्ष की (लड़की)/21 वर्ष (लड़का) होने से पहले शादी हुई। बैंक को ₹5000 दें। |
| 17 | खेत में फसल अच्छी हुई है। बैंक से ₹5000 लें। |
| 19 | पति–पत्नी ने मिलकर बचत की। बैंक से ₹5000 ले लें। |
| 21 | पत्नी/पति दोनो नें कॉलेज की पढ़ाई पूरा करने का फैसला लिया। बैंक से ₹5000 ले लें। |
| 23 | पति ने पत्नी को आगे पढ़ने से मना किया। बैंक को ₹5000 दें। |
| 24 | पत्नी को पढ़ाई के बाद काम मिला। इसलिए बैंक से ₹5000 ले लें। |
| 26 | काम में तरक्की मिली। इसलिए बैंक से ₹5000 लें। |
| 27 | जल्दी बच्चे के लिए पति अपने दोस्तों के दबाव में नहीं आया। बैंक से 1000 रु लें। |




| | |
|---|---|
| 28 | पति–पत्नी ने घर वालों से पत्नी के "20 साल का होने के बाद बच्चा" करने पर चर्चा की। बैंक से ₹5000 ले लें। |
| 30 | पति–पत्नी ने बच्चे के जन्म के लिए कोई तैयारी नही की। बैंक को ₹5000 दे दें। |
| 31 | पति–पत्नी ने परिवार नियोजन के विषय में स्वास्थ्य कर्मी से बातचीत की। बैंक से ₹500 लें। |
| 33 | पति–पत्नी ने डिलिवरी घर पर ही करवाने का फैसला लिया। बैंक को ₹3000 दें। |
| 34 | पति–पत्नी ने डिलिवरी के लिए अस्पताल जाने की तैयारी की। बैंक से ₹1000 लें। |
| 36 | पहला बच्चा पत्नी के 20 साल के हो जाने के बाद हुआ। बैंक से ₹5000 ले लें। |
| 38 | पहला बच्चा पत्नी के 20 साल के हो जाने से पहले हुआ। बैंक को ₹5000 दें। |
| 39 | पति–पत्नी ने अगले बच्चे के लिए 3 साल तक इन्तज़ार करने का फैसला किया। बैंक से ₹2000 ले लें। |
| 41 | पहले बच्चे के पैदा होने के वक्त पत्नी ने अस्पताल में ही परिवार नियोजन का तरीका अपनाया। बैंक से ₹2000 ले लें। |
| 43 | पति–पत्नी ने परिवार नियोजन का कोई तरीका नहीं अपनाया। बैंक को ₹5000 दें। |
| 45 | पति–पत्नी ने अपने परिवार का हर फैसला लेने से पहले एक दूसरे की सलाह ली। बैंक से ₹1000 ले लें। |
| 46 | पति ने अपनी पत्नी से बिना चर्चा किए परिवार का हर फैसला लिया। बैंक को ₹2000 दें। |
| 48 | पति–पत्नी ने मिलकर बच्चे की परवरिश के लिए पैसे जोड़े। इसलिए बैंक से ₹5000 ले लें। |
| 49 | पति–पत्नी ने पहले बच्चे की जल्दबाजी की जिससे स्वास्थ्य बिगड़ा, उधार बढ़ा। बैंक को ₹7000 दें। |
| 50 | अपना नया घर बनाया और खुशिओं का संसार बसाया। |



# उचित कदम बढ़ाए रकम!



## कैसे खेलें

- यह खेल 2–4 व्यक्ति एक साथ खेल सकते हैं।
- खेलने के लिए सभी खिलाड़ी अपने लिए ₹5000 बैंक से ले लें।
- इसमें 1000, 500, 100 रूपये के नोट, 4 अलग–अलग रंग की गोटियाँ और एक पाँसा है।
- खेल के शुरूआत में हर खिलाड़ी मन–पसंद गोटी चुन लें और फिर बारी–बारी पाँसा फेंकें।
- नीले या गुलाबी घर में गोटी आने पर उसका नंबर देखें और दोनो ओर दिये गए "जमा या खर्चा" के उस नंबर के निर्देश अनुसार बैंक से पैसा लें या बैंक में पैसा जमा करें।
- गोटी अगर पीले रंग के घर में आए तो अपने नोटों में से किसी एक नोट को उठाकर उसके पीछे दिए गऐ संदेश को पढ़ कर बाकी खिलाड़ियों को समझाएं।
- अगर पैसा खत्म हो जाए तो बैंक से उधार लें और जब पैसा आ जाए तो बैंक का उधार चुकाएं।
- खेल तभी खत्म होगा जब सभी खिलाड़ियों की गोटी आखिरी घर में पहुँच जाएगी। सभी खिलाड़ी आखिरी घर में पहुँचने पर अपने पैसों की गिनती करेंगे और जिसके पास सबसे अधिक पैसे होंगे वही विजेता कहलाएगा/ कहलाएगी। अगर दो खिलाड़ी के पास बराबर पैसा बचता है तो जो व्यक्ति पहले पहुँचा होगा उसे ही जीता माना जाएगा।